समाचार

स्वच्छता का महाअभियान

# महापौर व आयुक्त बने स्वच्छता महाअभियान का हिस्सा, स्लम बस्ती का भ्रमण कर दिया स्वच्छता का संदेश

(वार्ड क्र. 20 में आज चलाई गई विशेष स्वच्छता ड्राईव, कांशीनगर स्लम बस्ती सहित सुभाष चौक निहारिका क्षेत्र में किया गया विशेष साफ–सफाई कार्य)

(रोटरी क्लब के सदस्य व निगम की टीम पहुंची लोगों के दरवाजे तक, स्वच्छता में सबकी सहभागिता का किया आग्रह)



कोरबा 24 फरवरी 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय आज निगम द्वारा चलाए गए विशेष स्वच्छता अभियान का हिस्सा बने। उन्होने कांशीनगर स्लम बस्ती के विभिन्न मोहल्लों का पैदल भ्रमण कर वहॉ के निवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया, स्वच्छता में सहभागिता की अपील की। इस मौके पर रोटरी क्लब के समस्त सदस्यों के साथ–साथ निगम के स्वच्छता कमांडों व अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने लोगों

के घरों पर दस्तक दी, उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा अपनी बस्ती व अपने शहर को साफ–सुथरा बनाए रखने में उनके सहयोग का आग्रह किया।

विगत 10 फरवरी से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर में निर्धारित कार्ययोजना के तहत स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवी संगठनों, नागरिकों के सहयोग से वार्ड एवं बस्तियों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने के साथ–साथ निगम के स्वच्छता मित्रों व सफाई कर्मचारियों के द्वारा विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई जा रही है। इसी कड़ी में आज निगम के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 20 कांशीनगर स्लम बस्ती सहित सुभाष चौक व निहारिका क्षेत्र में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, स्लम बस्ती के विभिन्न मोहल्लों में नालियों की सतह से सफाई, सड़क किनारे उगी घांस व बर्म आदि की सफाई, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव, उत्सर्जित कचरे व मलवे का तुरंत उठाव सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्यो को एक अभियान के रूप में संपादित कराया गया। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय महाअभियान का हिस्सा बने, उन्होने बस्ती के विभिन्न मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते हुए साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, स्वच्छतामित्रों एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन करने के साथ ही उन्होने बस्तीवासियों को स्वच्छता से जोड़ने, साफ–सफाई के प्रति जागरूक रहने तथा बस्ती व शहर को साफ–सुथरा रखने में उनके सहयोग की अपील की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कांशीनगर मसाला घर स्थित नाले में जाली लगाने तथा जे.सी.बी. के माध्यम से उक्त नाले की सतह से सम्पूर्ण सफाई किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस के साथ ही उन्होने कहा कि सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित मलवे का तुरंत उठाव परिवहन भी सुनिश्चित कराएं, साथ ही सी.एण्ड डी.वेस्ट को नाली व सार्वजनिक स्थानों पर डालने वाले संबंधित लोगों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करें। महापौर श्री प्रसाद एवं आयुक्त श्री पाण्डेय ने घंटाघर व ओपन थियेटर के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया, वहॉ की स्वच्छता व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सार्वजनिक शौचालय की सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने तथा स्वच्छता पर लगातार ध्यान दिए जाने के निर्देश संचालक को दिए। उन्होने वहॉ पर स्थित गढ़ कलेवा का निरीक्षण किया तथा एक सुनियोजित प्लान तैयार कर गढ़ कलेवा की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने तथा फुटपाथ व सड़कों पर लगने वाली दुकानों को वहॉ पर शिफ्ट किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।इस अवसर पर वार्ड पार्षद व एम.आई.सी.सदस्य सुखसागर निर्मलकर, प्रदीप जायसवाल, पार्षद नारायण महंत प्रभारी अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता मनोज ठाकुर, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, के.एस. क्षत्री, सोमनाथ डेहरे सहित निगम के स्वच्छता कमांडो व रोटरी क्लब के सदस्यों ने स्वच्छता महाअभियान में अपनी सहभागिता दी।

<u>आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वच्छता संकल्प</u> – आजादी के 75 साल पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आज नेताजी सुभाष चन्द्र जी की प्रतिमा के समक्ष महापौर, आयुक्त सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों एवं रोटरी क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने इकट्ठे होकर स्वच्छता का संकल्प लिया तथा अपने कोरबा शहर को स्वच्छ, साफ, सुंदर शहर बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया एवं आमनागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया, स्वच्छता में भागीदारी का आव्हान किया।

<u>ब्रांड एम्बेसडर ने दिया स्वच्छता संदेश</u> – स्वच्छता महाअभियान के दौरान आज निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर विक्रम अग्रवाल एवं उनकी टीम के द्वारा नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया, उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपनी बस्ती व

शहर को साफ–सुथरा रखने में वे अपनी अनिवार्य सहभागिता दें, घर से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को अलग–अलग डस्टबिन में संग्रहित करके रखें, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाले निगम के वाहन में ही कचरे को दें। उन्होने व्यापारीबंधुओं, चाय–पान की दुकान व ठेल संचालकों से कहा कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा उत्सर्जित कचरे को डस्टबिन में डालना सुनिश्चित करायें, दुकानों प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल आदि का उपयोग न करें।

महाअभियान में रोटरी क्लब की सराहनीय भूमिका– निगम द्वारा संचालित किए जा रहे स्वच्छता महाअभियान के प्रथम दिन से ही रोटरी क्लब ने अपनी सराहनीय भूमिका निभाई है, रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा लगातार अभियान में अपनी सहभागिता दी जा रही है। इसी कड़ी में आज भी रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्य विक्रम अग्रवाल, मंजित सिंह हूरा, संजय बुधिया, संजय अग्रवाल, डॉ.संजय अग्रवाल, पारस जैन, प्रेम गुप्ता, मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल गुड्डू, डॉ.प्रिंस जैन, नितिन चतुर्वेदी, रिता क्षेत्रपाल, साहिल क्षेत्रपाल, संतोष जैन, आशीष अग्रवाल, निकेश भूटानी, पी.एस.गांधी, आकाश सिंघानिया, सतनाम सिंह, किशोर अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल सहित अन्य सभी सदस्यों ने साफ–सफाई कार्यो में हिस्सा लिया, सुभाष चौक व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा स्थल पर झाड़ू चलाकर साफ–सफाई की एवं जनजागरूकता टीम का हिस्सा बनते हुए डोर–टू–डोर जाकर आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।